terminal building is expected to be air-conditioned by June, 1971.

The Civil Aviation Department is making all necessary efforts to maintain the bath-rooms/toilets in a hygienic condition.

The system of customs check is in accordance with internationally accepted practices and procedures. Only authorised porters of the airlines are allowed to operate within the terminal building.

(b) Does not arise.

(c) Does not arise.

सवर्ण हिन्दुओं द्वारा मसानी गांव के निकट एक हरिजन बस्ती में आग लगाना

903. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान उड़ीसा के राजस्व मन्त्री द्वारा 27 मई, 1970 को भुवनेश्वर में दिये गए एक वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि धेनकनाल जिले के मसानी गांव के सवर्ण हिन्दुओं ने एक हरिजन बस्ती को आग लगा दी थी और वहां से सब हरिजनों को बाहर निकाल दिया था ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने दोषी व्यक्तियों को दंड देने और हरिजनों को फिर से बसाने के बारे में अब तक क्या कार्यवाही की है ?

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, गृह-कार्य मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख). उड़ीसा सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, यह आरोपित किया जाता है कि 20 मई, 1970 को एक व्यक्ति से, जिसे सशस्त्र सेना का सदस्य तथा ढेंकानाल जिले के गांव खड़ग प्रसाद का निवासी बताया जाता है, खड़ग प्रसाद के एक खेड़ा मसानिया के चार हरिजनों ने 85 रु० लूट लिए । उस व्यक्ति ने शोर मचाया और कुछ गांव वालों के साथ खेड़ा मसानिया तक उन दुष्ट व्यक्तियों का पीछा किया । तत्पश्चात् एक झड़प हुई जिसमें खड़ग प्रसाद के कुछ ग्रामीण घायल हुए । तथा-कथित लूट तथा हमले की जानकारी मिलने पर खड़ग प्रसाद के अनेक ग्रामीण मसानिया बस्ती को शीघ्र पहुँच और 12 मकानों को आग लगा दी जिनमें उन चारों दुष्ट व्यक्तियों के मकान भी शामिल थे । पुलिस द्वारा दो मामले दर्ज किये गए हैं । मसानिया में मकानों को आग लगाने से सम्बन्धित अपराधों के बारे में एक मामले में खड़ग प्रसाद गांव के 8 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे । दूसरे मामले में तथा-कथित लूट के लिए मसानिया के चार दुष्ट व्यक्ति भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं । निरोधात्मक उपाय के रूप में तथा हरिजनों में पुनः विश्वास स्थापित करने के लिए गांव में पुलिस का एक गश्ती दल तैनात कर दिया गया था । आगजनी से प्रभावित परिवारों को उदार सहायता दी गई है । मामलों की जांच-पड़ताल अभी की जा रही है ।

राष्ट्रपति शासन के लागू किए जाने के बाद पश्चिम बंगाल में हत्यायें और डकैतियों की घटनायें

904. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के बाद राज्यों में हत्यायें और डकैतियों की कितनी वारदातें हुई और ये हत्यायें और डकैतियां किन किन स्थानों पर हुई ;

(ख) उनमें से कितनी हत्यायें और डकैतियां नक्सलवादियों द्वारा की गई या उनके द्वारा किए जाने का संदेह है ; और